**स्पाइसेस बोर्ड**
**(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)**
**पालारिवट्टम पी ओ , कोचिन-682 025, केरल**

## विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने केलिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ई ओ आई) का आमंत्रण

स्पाइसेस बोर्ड, भारत सरकार मसालों व मसाला उत्पादों के निर्यात संवर्धन के अधिदेश वाला, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन का, एक संवैधानिक जिन्स बोर्ड है। बोर्ड असम में मसाला पार्क की स्थापना केलिए असम सरकार को तकनीकी समर्थन प्रदान करना चाहता है। इस संबंध में, इसमें रुचि रखने वाले व तकनीकी तौर पर योग्य परियोजना प्रबंधन परामर्श सेवा-दाताओं से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी पी आर) तैयार करने के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ई ओ आई) आमंत्रित की जाती है।

**असम में मसाला पार्क की स्थापना**

मसाला पार्क मसालों व मसाला उत्पादों के प्रसंस्करण और मूल्य वर्धन हेतु औद्योगिक पार्क है, जो अंतर्राष्ट्रीय मानकों के बराबर की प्रसंस्करण सुविधाएं प्रदान करता है। क्षेत्रीय फसल विशेष मसाला पार्क उपभोक्ता देशों के गुणवत्ता विनिर्देशों की पूर्ति करते हुए खेती, कटाई-पश्चात् कार्य, मसालों व मसाला उत्पादों के मूल्य वर्धन हेतु प्रसंस्करण, पैकेजिंग, भंडारण व निर्यात केलिए एकीकृत संचालन की एक सुविचारित पहल है।

मसाला पार्क का उद्देश्य प्रमुख मसाला उत्पादक राज्यों में मसालों के निर्यात केलिए प्रसंस्करण व मूल्य वर्द्धन हेतु अवसंरचना-सुविधाएं प्रदान करना है और यह मसाला उत्पादन केन्द्रों का समग्र विकास हासिल करने पर ज़ोर देता है।

भारत सरकार की "लुक ईस्ट पॉलिसी " हेतु प्रमुख राज्य होने के नाते असम उत्तर-पूर्व का मसाला प्रसंस्करण केंद्र बन जाने की असीम संभावनाएँ रखता है और साथ ही उत्तर-पूर्व से होने वाले मसाला-निर्यात में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मसालों का प्रमुख उत्पादक होने के अलावा, यह राज्य अनेक प्रकार के पेड़-पौधों व जीव-जंतुओं की आवास-भूमि है और अपने पर्यटन-केन्द्रों के तहत विख्यात भी है। इस मसाला पार्क की प्रस्तावित साइट नागाँव जिले के काथियाटोली क्षेत्र में

स्थित कृषि विभाग का बागवानी फार्म है। असम की मसाला-पार्क परियोजना लक्षित पणधारियों के प्रत्येक वर्ग की अपेक्षाओं की पूर्ति हेतु तैयार की गई है, अत: वाणिज्यिक प्रसंस्करण तथा मूल्य वर्द्धन सुविधाओं के अलावा प्रदर्शन प्लॉट, बुनियादी पैरामीटरों केलिए गुणवत्ता जांच अवसंरचना, वेयरहाउसिंग और कोल्ड स्टोरेज, सूचना व सहायता केंद्र आदि सुविधाओं का होना भी प्रस्तावित है।

सेवा-दाता काथियाटोली के बागवानी फार्म के प्रस्तावित मसाला पार्क केलिए, दो घटकों को अनिवार्यत: शामिल करते हुए, डी पी आर तैयार करेगा, कि

1. उद्यमियों केलिए ( यदि जगह है तो ) व्यक्तिगत प्लॉटों के आबंटन का प्रावधान सहित एक सुसज्जित मसाला पार्क, और
2. बागान-पर्यटन की संभावनाओं से लाभ उठाने के उद्देश्य से, विकास-पहलुओं को दिखाने केलिए, प्रमुख मसालों वाला प्रदर्शन प्लॉट / मसाला बागान

**निधीयन**

मसाला पार्क केलिए निधि का बंदोबस्त असम सरकार द्वारा, आर आई डी एफ / आर के वी वाई/ डोनर/ टी आई ई एस / अन्य स्रोत जैसी विभिन्न योजनाओं / कार्यक्रमों के अधीन के संसाधनों का प्रयोग करते हुए किया जाएगा।

**उद्देश्य**

काथियाटोल, नागाँव जिला, असम के बागवानी-फार्म में एक सुसज्जित मसाला पार्क और प्रदर्शन प्लॉट / मसाला बागान स्थापित करने की संभावना व व्यवहार्यता का विश्लेषण और मूल्यांकन करना

मसाला पार्क और प्रदर्शन प्लॉट / मसाला बागान स्थापित करने केलिए प्रस्तावित प्लॉट- काथियाटोल, नागाँव जिला, असम का बागवानी फार्म- की उपयुक्तता का पता करना

प्रस्तावित साइट की जलवायविक परिस्थितियों का जायजा लेना और प्रदर्शन प्लॉट/ मसाला बागान में बढ़ाने लायक मसालों का सुझाव देना

मसालों की संपूर्ण आपूर्ति व मूल्य-शृंखला ढूंढ लेना और सबसे उपयुक्त मसाले का पता लगाना, जिसके लिए प्रस्तावित मसाला पार्क में अवसंरचना-सुविधाएं तैयार करने की आवश्यकता है।

प्रसंस्करण व मूल्य वर्द्धन केलिए स्थापित की जाने वाली सुविधाओं[मशीनरी] का विवरण, तकनीकी विनिर्देश व नक्शा प्रदान करना

ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत के रूप में सोलार पावर सिस्टम, विन्डमिल आदि और वर्ष-जल

भंडारण जैसे प्राकृतिक संसाधनों से लाभ उठाने की सुविधाओं की स्थापना संबंधी विवरणों का पता करना

**विचारार्थ विषय (टी ओ आर)**

यह कार्य असम के नागाँव जिले के काथियाटोली में मसाला पार्क स्थापित करने केलिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट देने केलिए है। परामर्शदाता के कर्तव्य एवं दायित्व का विवरण निम्नानुसार है:

1.परियोजना की स्थापना हेतु चिह्नित जमीन का साइट विश्लेषण तैयार करना और असम के नागाँव जिले के काथियाटोली में मसाला पार्क स्थापित करने की तकनीकी आर्थिक सुसंगतता का विश्लेषण करना

2.मसालों पर सुझावों/ सिफ़ारिशों के साथ मसाला पार्क के घटकों का, जिसकेलिए प्रसंस्करण सुविधाएँ स्थापित करने की जरूरत है, और सुविधाओं/ प्रसंस्करण तरीके का विवरण सहित मास्टर प्लान/ नक्शा तैयार करना

3.सोलार, वर्षाजल भंडारण, हवा जैसे ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग केलिए प्रौद्योगिकी की व्यवहार्यता, संसाधनों के स्रोत आदि पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करना, ताकि इस केंद्र को एक ग्रीन कैंपस के रूप में विकसित करें।

4.मसालों के फोरवेडऔर बैकवेड लिंकेज का विस्तृत विश्लेषण और ज़ोन-इफ़क्ट अध्ययन

5. घरेलू विपणी परिदृश्य, संबंधित क्षेत्र में मसालों की आपूर्ति व मांग संबंधी पूर्वसूचना और निर्यात के अवसरों की पहचान

6. मसालों केलिए वर्तमान विपणी चैनलों / अवसंरचना और प्रभाव-क्षेत्र में मसालों की मूल्य-शृंखला के प्रत्येक दौर के अंतरालों/ अपेक्षाओं को पहचानना/ सुझाव रखना

7. क्षेत्र में बढ़नेवाले मसालों केलिए उपलब्ध परिवहन सुविधाओं/ अपेक्षाओं को और पार्क के माध्यम से मसाला-क्षेत्र में उद्यमिता-विकास की संभावना को पहचानना

8. क्षेत्र से विपणनयोग्य अधिशेष कच्ची सामग्री का मूल्यांकन करना और फार्म से मसाला पार्क और / या अन्य विपणियों में मसालों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय संचलन केलिए समाकलन मार्ग का मानचित्र तैयार करना

9. कच्ची सामग्री की उपलब्धता/ प्रस्तावित उत्पादों की मांग का विश्लेषण करते हुए स्थापित की जाने वाली सुविधाओं के तकनीकी विनिर्देश और क्षमताओं की सिफ़ारिश करना

10. डिजाइन दर्शन, मसाला पार्क में स्थापित की जाने वाली सामान्य व बुनियादी

अवसंरचना और अन्य सुविधाओं/अवसंरचना का विवरण

11. राजस्व-उपार्जन और वित्तीय-संगतता का विश्लेषण सहित मसाला पार्क परियोजना के सभी लागत-घटकों का विस्तृत ब्रेक-अप शामिल करते हुए भू-विकास व सामान्य अवसंरचना और प्रसंस्करण सुविधाओं केलिए लागत अनुमान

12. डिजाइन के दौर और निर्माण के दौर केलिए समय-सीमा सहित ड्राइंग के साथ विनिर्दिष्ट कार्य-योजना, प्रदान करना

13. प्रस्तावित क्षेत्र में एप्रोच सड़क, पावर, जल-आपूर्ति, निर्बाध उपचार जैसी बाहरी अवसंरचना के विकास से जुड़े मामलों का विश्लेषण

14. रोपण सामग्रियों के समाकलन की योजना के साथ मसाला बागान/ प्रदर्शन प्लॉट में मसाला पौधों का विन्यास और लागत सहित प्रदर्शन-प्लॉट के विकास की विस्तृत रिपोर्ट

15. निम्नलिखित पर ठोस सुझाव दें, कि

क.i. सरकारी-सहायता का स्तर

ख.ii. परियोजना का कार्यान्वयन और उसके अनुवर्ती वाणिज्यिक संचालन

ग.iii. वाणिज्यिक संचालन केलिए पब्लिक- प्राइवट प्रतिभागिता की गुंजाइश

16. विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों/ योजनाओं का विस्तृत विवरण, जिनका फायदा उठाकर परियोजना केलिए वित्त-व्यवस्था की जा सकती है।

17. डी पी आर में स्थान, उपलब्धता, विपणन, रासायनिक तत्व का विश्लेषण आदि दर्शाते हुए असम व उत्तर पूर्व/भारत/वैश्विक मसाला परिदृश्य की संपूर्ण सूचना होगी।

18. परियोजना का प्रतीक्षित परिणाम/प्रभाव

**डिजाइन तैयार करने व निर्माणकार्य की समय-सीमा**

इस कार्य की समायवधि कार्यादेश के जारी किए जाने की तारीख से दो महीनों की होगी।

**परियोजना-परामर्शदाता की पात्रता**

जैसे कि ऊपर बताया गया है, बोर्ड डी पी आर तैयार करने केलिए एक पेशेवर एजेंसी का उपयोग करना चाहता है। पात्रता-मानदंड निम्नानुसार हैं:

क) बड़ी-बड़ी अवसंरचनात्मक परियोजनाओं के विकास व कार्य-निष्पादन में न्यूनतम तीन वर्ष के अनुभव वाली कंपनी, एन जी ओ या परामर्श संस्था होनी चाहिए।

ख) परामर्शदाता के पास सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, लेखाकरण व माध्यस्थम क्षेत्र के योग्य कार्मिक होने चाहिए।

ग) प्रीफैब/ प्री कास्ट/ प्री इंजीनीर्ड तकनोलजी या वैकल्पिक तकनोलजी जैसी वैकल्पिक तकनलोजी का प्रयोग करके कम से कम एक ग्रीन बिल्डिंग का निर्माण किया गया होना चाहिए।

घ) पूर्ववर्ती तीन सालों में से किसी एक वर्ष में कम से कम दस (10) करोड़ रुपए का टर्नओवर होना चाहिए। सरकारी संगठनों/संस्थानों को न्यूनतम टर्न ओवर होने की पात्रता-शर्त से छूट  प्राप्त है।

ड.) परियोजना की शुरूआत से लेकर उसके पूरा होने तक निष्पादित किए जाने वाले विभिन्न कदमों/ कृत्यकों पर विचार करते हुए ऐसी परियोजनाएं चलाने की वित्तीय स्थिति होनी चाहिए।

**प्रक्रमण शुल्क**

संभाव्य बोलीदाताओं को बोली दस्तावेजों के साथ " सचिव, स्पाइसेस बोर्ड " के नाम पर लिए कोचिन में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में 5000/- रु. का अप्रतिदेय प्रक्रमण-शुल्क जमा करना अपेक्षित है।

**ई ओ आई प्रस्तुत करना**

उपरोक्त मानदण्डोंकी पूर्ति करने वाली एजेंसी निम्नलिखित दस्तावेज़ों के साथ उपरोक्त पात्रता- शर्तों का समर्थन करने वाले दस्तावेज़ों सहित मोहरबन्द लिफाफे में अपनी ई ओ आई प्रस्तुत करेगी। ई ओ आई दस्तावेज़ वाला लिफाफा मोहरबन्द होना चाहिए और उसके ऊपर "असम में मसाला पार्क केलिए डी पी आर हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति" लिखा जाना चाहिए।

फॉर्म-I में ,अभिरुचि की अभिव्यक्ति

फॉर्म-II में, की गई समान प्रकार की परियोजनाओं का विवरण

फॉर्म-III में, आवेदक की वित्तीय स्थिति का विवरण

फॉर्म-IV में, स्थाई तकनीकी कार्मिकों तथा उनकी शैक्षिक योग्यता व अनुभव संबंधी विवरण

दस्तावेजों के साथ संलग्न फॉर्मों में पूरी जानकारी देने के अलावा आवेदक प्रस्तावित पहल; क्रिया-विधि व मांगी गई सेवाएँ प्रदान करने केलिए कार्य-योजना संबंधी एक पूरा दस्तावेज़ प्रस्तुत करेगा। कार्य-योजना में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं का पूरा औचित्य शामिल होगा। कार्य के प्रत्येक घटक को चलाने की समय-सूची भी सूचित की जानी है।

**ईओआई का मूल्यांकन**

जिन आवेदकों की **ईओआई** पात्रता की शर्तों को पूरा करती है, उन्हें चयनित सूचीयन केलिए कोच्ची व गुवाहटी में प्रेसेंटेशन केलिए बुलाया जाएगा।

**ईओआई की नामंजूरी**

निम्निलिखत की वजह से परामर्श के आवेदन को नामंजूर किया जा सकता हैः

क) आवेदन ऊपर संकेतित रूप में अभिलेख के साथ उपयुक्त मुहरबंद लिफाफे में नहीं है

ख) निर्धारित प्रारूप में नहीं है और सभी आवश्यक विवरण शामिल नहीं किए गए हैं

ग) उचित रूप से हस्ताक्षरित नहीं है

घ) नियत तारीख और समय की समाप्ति के बाद प्राप्त है

ङ) निविदा प्रसंस्करण शुल्क के बगैर प्राप्त है।

बोर्ड का अधिकार होगा कि:

क) बिना कोई कारण बताए किसी भी/ सभी आवेदनों को अस्वीकार करें

ख) इस योजना के उद्देश्य के लिए आवश्यक समझी जाने पर बिना कोई कारण बताए इस दस्तावेज़ में निर्धारित की गई किसी भी शर्त में ढील दें या उसे हटाएं

ग) बोली-पूर्व बैठक में या अन्यथा बाद में किसी भी समय पर काम के दायरे में किसी अन्य मद को शामिल करें

**स्पष्टीकरण**

स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए श्री पी.एम. सुरेषकुमार, निदेशक (विपणन), मसाला बोर्ड, कोच्ची-682025। । [दूरभाषः 0484-2333607]। ईमेल: sureshkumar.pm@nic.in से संपर्क किया जा सकता है।

**ईओआई जमा करने की अंतिम तारीखः**

आई ओ आई 07 सितंबर, 2017 को शाम के 5.00 बजे को या उससे पहले तक निम्नलिखित पते पर पहूँच जाना चाहिए। ई ओ आई वाले लिफाफे के ऊपर "असम में मसाला पार्क केलिए डी पी आर हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति" लिखा जाना चाहिए।

**श्री पी एम सूरेष कुमार**
**निदेशक (विपणन)**
**मसाला बोर्ड**
**पालारिवतट्टम पो.ओ.**
**कोचिन 682 025, केरल**

**प्रपत्र -1**

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का प्रारूप**

निदेशक (विपणन)
मसाला बोर्ड
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
पालारिवट्टम पी .ओ., कोचिन 682 025

महोदय,

विषय: डी पी आर की तैयारी केलिए परियोजना परामर्शदाता की नियुक्ति -बाबत

अधोहस्ताक्षरी परामर्शदाता, असम में मसाला पार्क स्थापित करने केलिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की तैयारी केलिए परियोजना परामर्शदाता की नियुक्ति केलिए सभी ई ओ आई दस्तावेज़ों को विस्तार में पढ़ने और जांच करने पर किया है। ई ओ आई के भाग बनने वाले दस्तावेज़ों सहित हमारे फ़र्म के विवरण नीचे दिए जाते हैं:

| | |
|---|---|
| 1 | परामर्शदाता एजेंसी का नाम |
| 2 | परामर्शदाता का पता |
| 3 | संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति का नाम व पदनाम जिससे इस निविदा के संबंध में सभी संदर्भों में संपर्क किया जाएगा |
| 4 | संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति का पता जिससे इस निविदा के संबंध में सभी संदर्भों में संपर्क किया जाएगा |
| 5 | दूरभाष (एसटीडी कोड सहित) |
| 6 | संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति का मोबाइल नंबर |
| 7 | संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति का ई-मेल |
| 8 | फैक्स नंबर (एसटीडी कोड सहित) |

हमने निम्नलिखित संलग्न किए हैं:
प्रपत्र-II में कंपनी/संघ द्वारा की गई समान परियोजनाओं के विवरण
प्रपत्र-III में आवेदक की वित्तीय स्थिति
प्रपत्र-IV में स्थाई तकनीकी कार्मिक के शैक्षिक योग्यता और अनुभव के विवरण

हम एतद्द्वारा घोषित करते हैं कि हमने अपनी ईओआई सद्भाव से प्रस्तुत की है और इसमें निहित जानकारी हमारे सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और विश्वास के अनुसार सच और सही है।

भवदीय,

तिथि: (प्राधिकृत प्रतिनिधि का हस्ताक्षर)

स्थान: (नाम)

**प्रपत्र -II**

**<u>समान परियोजनाओं के कार्यान्वयन के क्षेत्र में अनुभव के विवरण</u>**

| क्रम सं. | परियोजना का नाम व स्थान | ग्राहक का नाम | ठेका संख्या व दिनांक | पूरा होने की तिथि | परियोजना का विवरण | कोई अन्य सूचना |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**प्रपत्र -III**

## परियोजना की वित्तीय स्थिति

1. शेयर पूंजी

| 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 |
|---|---|---|
| | | |

2. पिछले तीन वर्षों के दौरान टर्न-ओवर

| 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 |
|---|---|---|
| | | |

कंपनी के मोहर सहित प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित

लेखा परीक्षक द्वारा मोहर सहित हस्ताक्षरित

**स्थाई तकनीकी कार्मिक के शैक्षिक योग्यता और अनुभव के विवरण**

प्रपत्र-IV

| क्रम सं. | नाम | पदनाम | योग्यता | अनुभव के वर्षों की संख्या | आवेदक कंपनी के साथ अनुभव | कोई अन्य सूचना |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |